निदेशक मंडल

डॉ. वी. एस. हेगड़े
डॉ. वी. के. डढवाल
श्री ए. विजय आनंद
श्री पी. जे. मैथ्यू
श्री वी. कोटेश्वर राव
श्री जॉन पी. जकारिया (30.06.2014 तक)
श्री ई. वसंता
श्री एस. परमेश्वरन (11.07.2014 तक)
श्री अरुण बालकृष्णन
श्री वाई. एस. मैय्या
श्री देवांग वी. कक्कड़
प्रो. जे. रामचंद्रन (01.06.2014 तक)

प्रबन्धन दल

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	डॉ. वी. एस. हेगड़े
कार्यकारी निदेशक एवं निदेशक (व्यापार विकास)	श्री एस.परमेश्वरन (11.07.2014 तक)
निदेशक (विशेष परियोजनाएँ)	श्रीमती गीता वरदन
निदेशक (तकनीकी व सेवाएँ)	श्रीमती टी.एस.शोभा
निदेशक (प्रमोचन सेवाएं एवं मिशन):	श्री डी.राधाकृष्णन (26.11.2013 से)
निदेशक (सुदूर संवेदन आँकड़ा व सेवाएँ)	श्री वी. रघु वेंकटरामन (19.02.2014 से)
निदेशक (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व)	डॉ. बी.के. रंगनाथ (05.08.2014 से)
वरिष्ठ प्रधान लेखा एवं आं.वि.स.	श्री जी. अलगेसन

संवैधानिक लेखा परीक्षक

मेसर्स ज्ञानोबा व भट्ट
चार्टरित लेखाकार
1 प्लोर, अण्णामलै आर्केड
नं. 45, 1 क्रॉस, विल्सन गार्डन
होसुर मेन रोड
बेंगलूर 560 027

बैंकर

केनरा बैंक
आर.एम.वी.एक्स्टेंशन शाखा
बेंगलूर 560 080

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
डॉलर कॉलोनी शाखा
बेंगलूर 560 054

पंजीकृत कार्यालय

अन्तरिक्ष भवन
न्यू बी.ई.एल. रोड
बेंगलूर 560 231

विषय सूची

निदेशक मण्डल की रिपोर्ट	1
आरक्षण	4
राजभाषा कार्यान्वयन	4
अनुपालन प्रमाण -पत्र	9
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	12
लेखा परीक्षकों के रिपोर्ट से संबंधित अनुबंध	14
भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	16
तुलन पत्र	17
लाभ तथा हानि लेखा	18
तुलन पत्र के भाग के नोट	19
लाभ एवं हानि लेखा के भाग के नोट	25
लेखा विधि संबंधी नीतियाँ	28
लेखा के भाग के रूप में अन्य नोट	30
नकद प्रवाह विवरण	38

निदेशक मण्डल की रिपोर्ट

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा के लेखा परीक्षित विवरण, लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक की टिप्पणी सहित बाइसवें वार्षिक रिपोर्ट को निदेशक मण्डल को आपके सामने प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

कार्य निष्पादन संबंधी प्रमुख विशेषताएँ

वर्ष के दौरान, कई चुनौतियों तथा प्रतिबंधों के बावजूद कम्पनी का कार्य-निष्पादन अच्छा रहा है। कम्पनी की आय बढ़कर ₹1608.72 करोड़ रुपये हो गई है जो गत वर्ष की तुलना में 24% की वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष कर के पश्चात् लाभ ₹200.50 करोड़ रहा। भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वाणिज्यिक अंग/ कार्पोरेट फ्रन्ट के रूप में आपकी कम्पनी ने अंतरिक्ष तकनीक को जनकल्याण हेतु प्रयुक्त किया है तथा राष्ट्र को सम्पन्न एवं विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी कम्पनी के क्रियाकलाप मानव जीवन को सम्पर्क एवं सूचना के क्षेत्र में समृद्ध बनाने के लिए केन्द्रित रहे हैं। आने वाले वर्षों में भी आपकी कम्पनी अपने निष्पादन को बरकरार रखने के लिए आश्वस्त है।

आई.आर.एस. से संबंधित कार्यक्रम

अन्तर्राष्ट्रीय ग्राहकों के भू-प्रेक्षण आँकड़ों की आवश्यकताओं की परिपूर्ति को ध्यान में रखते हुए आपकी कम्पनी भारतीय सुदूर संवेदन (आई.आर.एस.) उपग्रह समूह से प्राप्त आँकड़े तथा डाउनलिंक सेवाओं का कुशलतापूर्वक विपणन कर रही है।

रिसोर्ससैट-1 एवं 2, कार्टोसैट-1 एवं 2 और ओशनसैट-2 उपग्रह के प्रयोग से आपकी कम्पनी ने पूर्ववर्ती सेवाओं के वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) में रडार प्रतिबिम्बन उपग्रह (रिसैट-1) आँकड़ा प्राप्ति सेवाओं को जोड़ा है। मेसर्स कॉग्सबर्ग उपग्रह सेवाएँ ए.एस. (केसैट) के साथ भू-स्टेशन की स्थापना का समझौता किया गया है ताकि रिसैट-1 के आँकड़ों को सीधा प्राप्त किया जाए और अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ताओं के साथ विपणन किया जा सके। इन प्रणालियों की फैक्टरी के अनुरूप स्वीकृति एवं इनके नौवहन संबंधित क्रियाकलाप प्रगति पर हैं।

आपकी कम्पनी ने न्यूस्ट्रेलिज, जर्मनी में स्थित मेसर्स जी.ए.एफ. ए.जी. (पूर्ववर्ती मेसर्स यूरोमैप जी.एम.बी.एच. के नाम से जाने जानेवाली कम्पनी) के भू-स्टेशन को रिसोर्ससैट-2 आँकड़े प्राप्त करने के लिए उन्नत किया है तथा इनका डाउनलिंक भी आरंभ किया जा चुका है।

आई.आर.एस. उपग्रह समूह से आँकड़े-प्राप्ति की माँग लगातार बढ़ रही है और नये अंतर्राष्ट्रीय भू-स्टेशन की स्थापना के अनुरोध पर भी विचार किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही, विदेशी उपग्रह समूह से प्राप्त होने वाले अति उच्च विभेदन आँकड़े की सीधी प्राप्ति के प्रस्तावों का भी सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जा रहा है।

प्रमोचन सेवाएं

आपकी कम्पनी इसरो के प्रमाणित यान पी.एस.एल.वी. का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विपणन करती रही है। इनमें प्रमुख हैं: यू. के. की डी.एम.सी. अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबिम्बन (डी.एम.सी.आई.आई.) जो सर्वे सैटेलाइट टेक्नॉलॉजी लिमिटेड (एस.एस.टी.एल.), यू.के. की पूर्ण स्वामित्व वाली नियंत्रित कम्पनी है, जो तीन डी.एम.सी.-3 भू-प्रेक्षण उपग्रहों के साथ सिंगापुर विश्वविद्यालय के दो माइक्रो तथा तीन नैनो उपग्रहों का प्रमोचन करेगी। 30 जून, 2014 को ध्रुवीय उपग्रह प्रमोचक यान (पी.एस.एल.वी.)-सी23 के द्वारा 714 किलोग्राम भार वाले स्पॉट-7 उपग्रह एवं 5 पिग्गी बैक उपग्रहों का समर्पित मिशन के रूप में सफल प्रमोचन किया गया।

प्रमोचन सेवाओं की नई माँगों पर समुचित ध्यान दिया गया है। अब तक, पी.एस.एल.वी. के माध्यम से 19 अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक उपग्रह के प्रमोचन के लिए करार तय किए गए हैं।

उपग्रह मिशन सहायक सेवाएँ

आपकी कम्पनी ने दूरमिति, अनुवर्तन तथा आदेश एवं अन्य संबंधित सेवाओं को विश्व के प्रतिष्ठित ग्राहकों को प्रदान करना जारी रखा है।

फ्रांस की कम्पनी सी.एन.ई.एस. के साथ समझौते के हिस्से के रूप में आपकी कम्पनी ने इस्ट्रैक के लखनऊ भू-स्टेशन से प्रोबा-V उपग्रह के एल.ई.ओ.पी. दूरमिति प्रचालन को सहयोग प्रदान किया। प्रोबा-V मिशन का उद्देश्य विश्वव्यापी हरियाली वृद्धि का सिंहावलोकन प्रदान करना है। इसके अलावा, इस्ट्रैक के भू-स्टेशन के उपयोग से के-सैट मिशन को दूरमिति, अनुवर्तन एवं आदेश (टी.टी.सी.) सहायता प्रदान की गई है।

अन्तरण कक्षा सहायक सेवाएँ (टी.ओ.एस.एस.) उपलब्ध कराने हेतु, इन्टेलसैट के साथ किए गए करार के अन्तर्गत आपकी कंपनी कई अंतर्राष्ट्रीय मिशनों की सहायता करने के लिए एम.सी.एफ., हासन में स्थित भू केन्द्र के के.ए. तथा के.यू. बैण्ड के उपयोग का सहारा ले रही है।

आपकी कम्पनी एमसीएफ एवं इस्ट्रैक में उपलब्ध तकनीकी विशेषज्ञता तथा अवसंरचना का उपयोग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय प्रचालकों एवं अन्तरिक्ष एजेन्सियों के लिए टीटीसी तथा अन्य सहयोगी सेवाएँ प्रदान करने के लिए अभिप्रेरित है।

दूरसंचार प्रेषानुकर सेवाएं

उपग्रह प्रेषानुकर क्षमता की अनुप्रवाह सेवाओं की माँग जारी है। इन सेवाओं में ध्वनि, वीडियो प्रवाह, आँकड़े, मशीन-से-मशीन (एम.2एम.)

और सरकारी/सामरिक सेवाएँ जैसे विभिन्न अनुप्रयोग शामिल हैं। वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने इस खंड में व्यापार के विस्तार के लिए अपना योगदान जारी रखा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व-विस्तार 9 % रहा है। डी.टी.एच. सेवाओं के बाजार में निरंतर वृद्धि, वीसैट प्रचालन एवं उपग्रह क्षमता के सामरिक उपयोग में वृद्धि, इस वृद्धि के कारण रहे हैं।

जनवरी, 2014 के दौरान जीसैट-14 (6 विस्तार सी बैण्ड + 6 के.यू. बैण्ड प्रेषानुकर) के प्रमोचन के कारण स्वदेशी अंतर्कक्षीय क्षमता का विस्तार हुआ है। जी.एस.एल.वी. द्वारा जीसैट-14 के 74 डिग्री पूर्व (74 डी.ई.) में सफलतापूर्वक स्थापना के कारण भविष्य में भूस्थिर उपग्रहों के स्वदेशी प्रचालन का रास्ता प्रशस्त हुआ है। इन्सैट-3ई अंतरिक्षयान की प्रचालन समय-सीमा लगभग समाप्त हो रही है। संभावित उपाय के रूप में इन्सैट-3ई उपग्रह के अधिकांश उपभोक्ताओं के लिए इन्सैट/जीसैट उपग्रह की सेवा की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इस कारण, कम्पनी के राजस्व में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने 31 मार्च, 2015 तक इन्सैट/जीसैट उपग्रहों के बेड़े पर सभी करारों का विस्तार किया है। साथ ही, कम्पनी ने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सी एवं के.यू. उपग्रह बैण्ड विस्तार की पंजीबद्ध माँग को पूरा करने के लिए प्रेषानुकर क्षमता के आंकड़े के आधार का प्रभावकारी ढंग से उपयोग किया है।

टी वी चैनलों की बढ़ती जरुरतों के अनुरुप, जिनमें एच.डी.टी.वी., एच.आई.टी.एस., आई.टी.वी., आई.पी.टी.वी. इत्यादि जिनका व्यापार जगत् में काफी प्रभाव है, आपकी कम्पनी के लिए इस व्यापार क्षेत्र में निरंतर अभिवृद्धि की अपार संभावनाएँ दिखती हैं।

दौरों का विनिमय

वर्ष के दौरान विश्व-भर की कई अंतरिक्ष एजेन्सियों के साथ पारस्परिक दौरे किए गए हैं। इनसे वर्तमान संबंधों को मजबूत बनाने और परस्पर लाभ के लिए नए संबंध कायम करने में भी मदद मिली है। आपकी कंपनी आगामी वर्षों में अपने व्यापार संबंधी अवसरों को बढ़ाने के लिए अभिप्रेरित है।

लाभांश

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), के दिनांक 17.09.1996 के कार्यालय ज्ञापन सं.एफ/1(16)-ई II (ए), दिनांक 20.08.1998 के का.ज्ञा.सं.एफ.19(I)-ई-II (ए)/98 तथा दिनांक 13.06.2001 के सं.एफ.3(2)-बी (एस)/2001 और दिनांक 9.9.2002 के अ.शा.प. सं.3(67)-बी(एस)/2002 और व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 17.06.2004 के अ.शा.पत्र सं.3(2)बी/एस/2003 और सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक मई 19, 2005 के अ.शा.पत्र सं.3(3)-बी (एस)/2005 द्वारा जारी किये गए भारत सरकार के अनुदेशों के अनुपालन में आपका

वित्तीय परिणाम

वित्तीय परिणाम	31.03.14 को समाप्त वर्ष के लिए (लाख ₹ में)	31.03.13 को समाप्त वर्ष के लिए (लाख ₹ में)
कुल आय	1,60,872.22	1,29,528.21
कुल व्यय	1,31,104.36	1,04,015.74
मूल्य ह्रास तथा कराधान से पहले लाभ	**29,767.86**	**25,512.47**
असामान्य मद	3.62	
घटाइए: मूल्य ह्रास व परिशोधन व्यय	(134.23)	(117.84)
घटाइए: कराधान के लिए प्रावधान	(9801.12)	(7725.05)
जोडिए: आस्थगित कर	213.75	37.41
पहले के वर्षों में आयकर हेतु अधिक/कम प्रावधान	-	-
वर्तमान वर्ष का अधिशेष	**20,049.88**	**17,706.99**
जोड़िए: पिछले वर्ष का अधिशेष	6.59	3.57
पुनर्विनियोजन हेतु उपलब्ध लाभ	**20,056.47**	**17,710.56**
सामान्य रिजर्व को स्थानांतरित	15,000.00	13,560.00
कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व में स्थानांतरित	325.00	-
प्रस्तावित लाभांश	4010.00	3542.00
कॉर्पोरेट लाभांश कर	681.50	601.97
तुलन पत्र को स्थानांतरित लाभ एवं हानि लेखा का अधिशेष	39.97	6.59
पुनर्विनियोजन का कुल	**20,056.47**	**17,710.56**

निदेशक मण्डल ₹100 लाख रुपये की प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूँजी पर 4010 % (पिछले वर्ष 3542 %) के लाभांश की सिफारिश करता है। यह 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए करोत्तर लाभ के 20% को दर्शाता है।

आगामी दृष्टिकोण

हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई है और आनेवाले वर्षों में इसमें सुधार की संभावना है। आगामी वर्ष के दौरान वृद्धि-दर 6% प्राक्कलित की गई है।

इस सकारात्मक दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में आपकी कम्पनी भी बढ़ोत्तरी की संभावनाएँ तलाश रही है। आपकी कम्पनी भी व्यापार-विभाग के विस्तार के लिए उत्सुक है और इस बाबत विस्तार एवं विविधता की विभिन्न संभावना की उपलब्धता को तलाश रही है। ऐसी आशा की जाती है कि ये उपाय कम्पनी को प्रगति-पथ पर बढ़ने के लिए मजबूती के साथ नेतृत्व एवं ठोस उपाय प्रदान करेंगे ताकि भविष्य में अच्छे परिणाम मिल सकें।

निदेशकगण

अपने त्यागपत्र देने के परिणामस्वरूप प्रो. जे. रामचन्द्रन 01 जून, 2014 से निदेशक के पद से पदमुक्त हो गए। श्री जॉन पी. जकारिया भी सेवानिवृत्ति के उपरांत दिनांक 30 जून, 2014 से पदमुक्त हो गए। श्री एस. परमेश्वरन अपने मूल संगठन में वापस चले जाने तथा तदोपरांत मुख्य नियंत्रण सुविधा के निदेशक के रूप में नियुक्त होने के कारण कार्यकारी निदेशक के पद से मुक्त हो गए। बोर्ड, प्रो. जे. रामचन्द्रन, श्री जॉन पी. जकारिया एवं श्री एस. परमेश्वरन के निदेशक के रुप में अमूल्य सेवा प्रदान करने के लिए इनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

पुरस्कार एवं प्रशस्ति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सैन फ्रांसिस्को, यू.एस.ए. के टेक म्यूजियम द्वारा आपकी कंपनी को सुजल वॉटर शेड कार्यक्रम के जरिए मानव-कल्याण हेतु प्रौद्योगिकी के मौलिक उपयोग के कारण "टेक पुरस्कार" प्रदान किया गया।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

निदेशकों के उत्तरदायित्व के विवरण के संदर्भ में कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 217 (2 ए ए) के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसरण में यह पुष्टि की जाती है कि:

i) 31.03.2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखे की तैयारी में तात्विक विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है;

ii) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया है तथा उनको एकरूपता से लागू किया है और वित्तीय वर्ष के अंत में तथा समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी के लाभ के बारे में कंपनी की सच्ची और सही स्थिति दर्शाने हेतु विवेकपूर्ण और बुद्धिमानी से निर्णय लिए हैं एवं आकलन किए हैं;

iii) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और बेईमानी का पता लगाने हेतु कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार लेखा संबंधी अभिलेखों के पर्याप्त अनुरक्षण हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है;

iv) निदेशकों ने "जारी व्यापार" के आधार पर 31 मार्च 2014 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखे तैयार किए हैं।

कॉर्पोरेट शासन

आपकी कंपनी ने बोर्ड स्तर पर कॉर्पोरेट शासन समिति का गठन किया है जो कम्पनी के कॉर्पोरेट शासन प्रचलन को प्रभावकारी ढंग से क्रियान्वित करेगी। आपकी कम्पनी भारत सरकार एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कॉर्पोरेट शासन व्यवहार का अनुपालन करती रही है।

पिछले वर्ष सार्वजनिक प्रतिष्ठान विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आपकी कम्पनी को "बहुत अच्छा" दर्जा के अन्तर्गत वर्गीकृत किया है।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन विकास (सी.एस.आर. एवं एस.डी.)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री राहत कोष में ₹50 लाख का योगदान दिया है जिसके माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य में बादल फटने तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सहायता प्रदान की गई है।

उसी वर्ष कम्पनी ने सी.एस.आर. एवं एस.डी. क्रियाकलापों को संचालित करने के लिए बोर्ड स्तर की समिति का गठन किया। वर्तमान वर्ष में उन क्रियाकलापों के लिए कुल ₹ 3.25 करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

लेखा परीक्षकगण

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक ने दिनांक 29 जुलाई, 2013 के पत्र सं. सीए.5/सीओवाई/केंद्र सरकार,एंट्रिक्स(1)/21 के माध्यम से 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की वार्षिक लेखे की लेखा परीक्षा करने हेतु मेसर्स ज्ञानोबा एवं भट्ट, चार्टरित लेखाकार, बेंगलूर को संवैधानिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया। उनकी दिनांक 23 जून, 2014 की रिपोर्ट संलग्न है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के दिनांक 13 अगस्त, 2014 के पत्र सं. 241 पीडीसीए/एचएस/एमएबी-IV/वार्षिक लेखा/सी.एस./एंट्रिक्स/14-15/341 में भारत के नियंत्रक एवं महा

लेखापरीक्षक की टिप्पणी संलग्न है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक ने दिनांक 30 जुलाई, 2014 के पत्र सं. सीए.वी/ सीओवाई/केंद्रीय सरकार, एंट्रिक्स(1)/115 के माध्यम से वित्त वर्ष 2014-15 के लिए मेसर्स बी. वी. राव एवं कं. चार्टरित लेखाकार, बेंगलूर को संवैधानिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है।

सचिवालयीन अनुपालन प्रमाण-पत्र

श्री वी.पद्मनाभन, कम्पनी सचिव द्वारा हस्ताक्षरित कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 383(ए) के प्रावधानों के अनुसरण में सचिवालयीन अनुपालन प्रमाण-पत्र संलग्न है जो इस रिपोर्ट का अभिन्न अंग है।

सावधिक जमा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने जनता से किसी प्रकार की जमा को न तो आमंत्रित किया है और न ही स्वीकार किया है।

कर्मचारियों का विवरण

वर्ष के दौरान या उस वर्ष के किसी भाग में किसी भी कर्मचारी को, समय-समय पर यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) में निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है।

आरक्षण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडे वर्ग तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व की स्थिति दो थी। समूह 'क' (तकनीकी), समूह क (प्रशासनिक) तथा समूह ग (प्रशासनिक) में कर्मचारियों की कुल संख्या क्रमश: 1,2 तथा 3 थी।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन और विदेशी मुद्रा का अर्जन और निर्गम

कम्पनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में विवरणों का प्रकटन) नियम 1988 के साथ पठित कम्पनी अधिनियन 1956 की धारा 217(1) (ई) के अधीन ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी आमेलन संबंधी दी जानेवाली सूचना शून्य है, क्योंकि कम्पनी ने प्रत्यक्ष रूप से न तो किसी ऊर्जा का उपयोग किया है और न ही किसी विदेशी प्रौद्योगिकी का आयात किया है।

राजभाषा कार्यान्वयन

भारत सरकार के नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी सभी स्तरों पर राजभाषा का प्रयोग क्रियान्वित करती रही है।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओ.एल.आई.सी.) की, वर्ष की नीति निर्धारण के लिए बैठक हुई। वर्ष के दौरान, सक्षम प्राधिकारियों ने कंपनी में हिंदी के कार्यान्वयन की प्रगति का निरीक्षण किया। कंपनी ने दो कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया जिससे कार्मिकों ने आवश्यक कुशलता प्राप्त की और इससे राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने में मदद मिली।

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन और निर्गम (वास्तविक) निम्नानुसार हैं:

विदेशी मुद्रा अर्जन	**राशि लाख में (₹)**	**राशि विदेशी मुद्रा में**	
क) निर्यात के बाबत	748.31	यूएसडी	12,55,122.45
ख) अन्य सेवाओं के बाबत	1,561.66	यूएसडी	25,64,125.13
ग) तकनीकी परामर्श के बाबत	15,160.69	यूएसडी	17,58,523.20
		यूरो	1,75,97,993.00
कुल	**17,470.66**		
विदेशी मुद्रा निर्गम	**राशि लाख में (₹)**	**राशि विदेशी मुद्रा में**	
क) यात्रा के बाबत	24.53	यूएसडी	16,206.00
		यूरो	17,565.00
ख) आयात लागत के बाबत	257.05	यूएसडी	4,36,652.30
ग) तकनीकी परामर्शिता लागत के बाबत	51,553.77	यूएसडी	8,49,12,106.88
घ) अन्य सेवा लागत के बाबत	948.17	यूएसडी	15,14,415.76
		यूरो	1,972.71
कुल	**52,783.52**		

आभारोक्ति

आपके निदेशक, अपने उत्पाद एवं सेवाओं के लिए ग्राहक तथा अन्य प्रयोक्ताओं से प्राप्त सहायता के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं और आगामी वर्षों में भी उनसे सहायता की आशा करते हैं। आपके निदेशक, अन्य सरकारी विभागों तथा एजेन्सियों, बैंकरों एवं उद्योगों से प्राप्त सहयोग और सहायता के लिए उनका भी आभार प्रकट करते हैं।

आपके निदेशक, अन्तरिक्ष विभाग, विविध इसरो केन्द्रों और आपकी कम्पनी के अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा की गई सहायता एवं योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं जिनसे समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी के सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

निदेशक मंडल के लिए
एवं उनकी ओर से

हस्ताक्षरित
(वी. एस. हेगड़े)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थान: बेंगलूर
तिथि: 22.08.2014

31 मार्च 2014 को समाप्त वित्त वर्ष से संबंधित निदेशकों के रिपोर्ट का परिशिष्ट

संवैधानिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणी	प्रबंधन का जवाब
1. अपनी संप्रभु क्षमता में ठेका रद्द करने के केंद्र सरकार के नीतिगत निर्णय के पश्चात् मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य महासंघ, पेरिस (आई सी सी) के समक्ष 1.60 बिलियन अमेरिकी डालर (₹ 7004.80 करोड़) की राशि के लिए किए गए दावे के लेखा नोट की आकस्मिक देयता को प्रकट नहीं किया जाना। 2. मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड के साथ किए गए करार की शर्तों के अनुसार नियत तिथि तक पूर्णरूपेण चालित उपग्रह से पट्टे पर दी जाने वाली क्षमता का समय से मुहैया नहीं कराने हेतु अब तक के तुलन-पत्र में चुकता किए जाने वाले नुकसान के विलंबित सुपुर्दगी शास्ति के तौर पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (₹ 21.89 करोड़) की देयता के रूप में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। प्रबंधन के विचार में, फिलहाल किसी भी प्रावधान की जरूरत नहीं है एवं मध्यस्थता कार्यवाही से संबंधित मुद्दा न्यायाधीन है और इसे आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है।	कंपनी करार के अनुसार मेसर्स देवास मल्टीमीडिया प्रा. लिमिटेड को मध्यस्थ नियुक्त करने हेतु निर्देश देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय गई थी। कंपनी ने देवास द्वारा आई.सी.सी. की कार्यवाही पर रोक लगाने हेतु निवेदन करते हुए अतिरिक्त नगर सिविल जज, बेंगलूर के समक्ष एक मध्यस्थता आवेदन और मुकदमा भी दायर किया था। हालाँकि कंपनी द्वारा दायर की गई मध्यस्थता याचिका खारिज कर दी गई परंतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपने द्वारा जारी किए गए दिनांक 10 मई, 2013 के आदेश में इसका उल्लेख किया कि कंपनी भारतीय मध्यस्थता एवं समझौता कानून, 1996 के अनुरूप समुचित समाधान के लिए किसी अन्य प्रावधान का आलंबन लेने से वंचित नहीं होगी। इसके बाद दायर की गई पुनर्विचार याचिका पुन: खारिज कर दी गई। एन्ट्रिक्स ने, अतिरिक्त नगर सिविल न्यायाधीश, बेंगलूर के न्यायालय में अपनी दलील पूरी कर ली है (मध्यस्थता एवं समझौता कानून, 1996 की धारा-9 के अन्तर्गत)। आज की तारीख तक मामला दिनांक 18 अक्तूबर, 2014 को होनेवाली सुनवाई के लिए लंबित है। आई.सी.सी. की कार्यवाही में, देवास ने प्रारंभ में समझौते को आई.सी.सी. में ही विशेष रूप से निपटाने या उसके एवज में क्षति की भरपाई पाने की इच्छा जाहिर की। तदन्तर, देवास ने करार के विशेष निष्पादन पर जोर न देते हुए अपने दावे को क्षति पूर्ति तक सीमित रखते हुए संशोधित किया है। इस बाबत 1.60 बिलियन अमेरिकी डॉलर (यानी ₹ 7004.80 करोड़) के नुकसान की भरपाई की माँग की गई। करार के तहत लेखा के अन्य नोट में आकस्मिक देयता के अन्तर्गत ₹ 21.89 करोड़ (5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) को परिसमाप्ति नुकसान के रूप में दर्शाया गया है। एन्ट्रिक्स, आई.सी.सी. की कार्यवाही में आई.सी.सी. के निर्णय का विरोध कर रहा है। करार के तहत, एन्ट्रिक्स पर समाप्त करने हेतु देयता की सीमा निर्धारित की गई है जो अपफ्रंट क्षमता आरक्षण शुल्क की वापसी तक सीमित है। इन कारणों से परिणाम की संभावना क्षीण है। इसलिए, लेखा में दावे को आकस्मिक देयता के रूप में नहीं दर्शाया गया है। मध्यस्थता समझौते के निर्णय के अंतिम स्वरूप प्राप्त होने के बाद ही स्वीकृति वर्ष के लेखा में इस बाबत कोई उचित लेखाविधि संबंधी निरूपण किया जाएगा।

नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी	प्रबंधन का जवाब
(अ) तुलन-पत्र **1. रिजर्व एवं अधिशेष (नोट सं. बी)** **(ख) कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व ₹ 325 लाख** **अन्य नोट जो लेखा का हिस्सा है (नोट पी- अनुच्छेद 21)** वर्ष 2013-14 के लेखा में कंपनी द्वारा ₹ 325 लाख की उपर्युक्त आबंटित धन राशि विगत 3 वर्षो में देय कर के बाद औसत लाभ का 2% थी जबकि वर्ष 2013-14 के लिए लागू डी.पी.ई. दिशानिर्देशों के अनुसार, 'रिजर्व' पिछले वर्ष में देय कर के बाद बाकी लाभ का 2 या 3% होना चाहिए। इसप्रकार, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व के लिए बनाया गया प्रावधान न्यूनविवरित रह गया और उक्त वर्ष के लिए लाभ ₹ 0.29 करोड़ द्वारा अतिविवरित हो गया। आगे, वर्ष 2012-13 के लिए प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट में, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व की मद में आबंटित ₹ 9.96 करोड़ की धन राशि मुहैया न कराये जाने के संदर्भ में आपकी टिप्पणी अपेक्षित है। हालाँकि, इस संदर्भ में कंपनी ने वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक भी डी.पी.ई. के दिशानिर्देशों के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन रिजर्व की मद में ₹ 9.96 करोड़ का प्रावधान नहीं किया है जिस कारण रिजर्व एवं अधिशेष की मद में ₹ 9.96 करोड़ अतिविवरित हो गए। इसके परिणामस्वरूप, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन रिजर्व ₹ 10.25 करोड़ (₹ 9.96 करोड़ + ₹ 0.29 करोड़) की राशि द्वारा न्यूनविवरित हो गया।	सी.पी.एस.ई. के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीनता पर अप्रैल, 2013 से प्रभावी डी.पी.ई. दिशानिर्देश के अनुच्छेद 1.4.17 के अनुसार, सी.एस.आर. एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप का चयन, जगह की स्थिति और बजट एवं अन्य आबंटन को क्रियान्वित करने का निर्णय सी.पी.एस.ई. के निदेशक मंडल पर निर्भर है। तदनुसार, बोर्ड ने वर्ष 2012-13 को जारी वार्षिक रिपोर्ट में सी.ए.जी. को दिए गए आश्वासन एवं सी.एस.आर. दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में बोर्ड स्तर की सी.एस.आर. समिति का गठन किया और कंपनी की सी.एस.आर. नीति का निर्माण किया एवं कंपनी अधिनियम 2013 के तहत दिए गए अनुसार संभाव्य रूप से विगत 3 वर्षों में देय कर के बाद औसत लाभ से 2% की दर से प्राप्त राशि से सी.एस.आर. एवं दीर्घकालीन रिजर्व का निर्माण किया, जिसे निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
(ब) लाभ और हानि लेखा **अन्य आय (नोट सं. 2)** **पूर्वावधि मद-₹ 1820.02 लाख** लेखा विधि मानक-5 के अनुच्छेद 15 के अनुसार, पूर्वावधि मद की राशि एवं प्रकृति को लाभ और हानि लेखा में अलग से दर्शाने का प्रावधान है वो भी इस तरह कि वर्तमान लाभ और हानि लेखा में इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो सके। कंपनी ने पूर्वावधि मद की ₹ 18.20 करोड़ की राशि को 'अन्य आय' के शीर्ष के अन्तर्गत दिखाया है जो लेखा विधि मानक-5 की आवश्यकता का उल्लंघन है।	लाभ एवं हानि लेखा के निर्माण में संशोधित अनुसूची VI के तहत सामान्य अनुदेश की धारा 5 (1) के अनुसार लाभ एवं हानि लेखा में पूर्वावधि मद से संबंधित सूचना का प्रकटीकरण आवश्यक नहीं है परंतु इसे टिप्पणी के रूप में दर्शाया जा सकता है। यद्यपि, लेखा विधि मानक-ए.एस.5 के अनुच्छेद 19 के अनुसार, "पूर्वावधि मद" को सामान्यतया चालू वर्ष के निवल लाभ या हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है, कंपनी ने ₹ 18.20 करोड़ की पूर्वावधि मद की राशि को नोट-2 (एफ)-अन्य आय के अन्तर्गत दिखलाया है जो लाभ एवं हानि लेखा का अभिन्न अंग है। वित्त वर्ष 2011-12 से प्रभावी संशोधित अनुसूची-VI के लागू होने के बाद से कंपनी द्वारा ऐसी प्रस्तुतीकरण पर लगातार अमल किया जा रहा है।


प्रमुख वित्तीय सूचक
₹ (करोड में)
1800
1600
1400
1200
1000
800
600
400
200
0
883.93
108.39
21.70
563.68
1113.58
138.86
27.78
670.15
1180.60
170.98
34.20
801.39
1295.28
177.06
35.42
937.02
1608.72
200.50
40.10
1087.35
2009-10
2010-11
2010-12
2010-13
2010-14
वित्त वर्ष
टर्नओवर
कर के पश्चात् निवल लाभ
लाभांश
निवल मूल्य

अनुपालन प्रमाण-पत्र

पंजीकरण सं.: U85110KA1992GOI013570
प्राधिकृत पूँजी : ₹ 5 करोड़
प्रदत्त पूँजी : ₹ 1 करोड़

सेवा में,
सदस्य
एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अन्तरिक्ष भवन
न्यू बी.ई.एल. रोड के पास
बेंगलूर-560231

मैंने एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के तहत अपेक्षित रजिस्टर, रिकार्ड, बही-खाते और कागजात तथा उसके तहत बनाये गये नियम और कम्पनी के ज्ञापन एवं अंतर्नियम में निहित प्रावधानों की जाँच की है। मेरी राय और जानकारी में और मेरे द्वारा की गई जाँच के अनुसार और कम्पनी, इसके अधिकारियों एवं एजेंटों द्वारा मुझे दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, मैं प्रमाणित करता हूँ कि उक्त वित्त वर्ष के संबंध में :

1. कम्पनी द्वारा इस प्रमाण-पत्र के अनुबंध 'क' में उल्लिखित सभी रजिस्टर अधिनियम और उसके तहत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसार रखे गये हैं और सभी प्रविष्टियाँ उनमें विधिवत् रिकार्ड की गई हैं।

2. कम्पनी ने, इस प्रमाण-पत्र के अनुबंध 'ख' में उल्लिखित फार्म एवं रिटर्न (रिपोर्ट) को कम्पनी रजिस्ट्रार के पास अधिनियम तथा उसके तहत बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित समय के भीतर विधिवत् जमा करा दिए हैं।

3. यह कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है, जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है। इसके पास न्यूनतम निर्धारित प्रदत्त पूँजी है और उक्त वित्त वर्ष के दौरान इसके अधिकतम सदस्यों की संख्या दो थी और जाँचाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने
   i) अपने शेयर अथवा डिबेंचर खरीदने हेतु लोगों को आमंत्रित नहीं किया है; और
   ii) न ही कोई जमा आमंत्रित अथवा स्वीकार की है।

4. निदेशक मण्डल की 26 जून, 2013, 30 अगस्त, 2013, 19 दिसंबर, 2013 और 10 मार्च, 2014 को विधिवत् चार बैठकें आयोजित की गई और इन बैठकों के संबंध में अपेक्षित सूचनाएँ दी गई थीं तथा पारित परिपत्रीय संकल्प समेत कार्यवाही सही ढंग से रिकार्ड की गई और इस उद्देश्य हेतु रखी कार्यवृत्त-पुस्तिका में हस्ताक्षर किए गए।

5. कम्पनी को वित्त वर्ष के दौरान अपने सदस्यों अथवा डिबेंचरों की रजिस्टर बन्द करना अपेक्षित नहीं था।

6. 31.3.2013 को समाप्त वित्त वर्ष की महासभा की बैठक कम्पनी के सदस्यों को विधिवत् सूचित करते हुए 26 सितंबर, 2013 को हुई और बैठक में पारित किए गए संकल्पों को इस हेतु रखी कार्यवृत्त-पुस्तिका में विधिवत् दर्ज किया गया।

7. वित्त वर्ष में कोई असाधारण महासभा नहीं बुलाई गई।

8. कम्पनी के सरकारी कम्पनी होने के नाते, उस पर दि.16.7.1985 की सरकारी अधिसूचना सं.जी.एस.आर.581 (स्था.) के द्वारा अधिनियम की धारा 295 लागू नहीं होती ।

9. कम्पनी ने अधिनियम की धारा 297 में विनिर्दिष्ट संविदाओं के संदर्भ में, उक्त धारा के अंतर्गत आने वाली किसी संविदा पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं ।

10. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 301 के अनुसार रखे गये रजिस्टर में कम्पनी को कोई प्रविष्टि कराना अपेक्षित नहीं था।

11. चूँकि अधिनियम की धारा 314 की परिधि में ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई, इस कारण कम्पनी को बोर्ड के निदेशक मण्डल, सदस्यगण अथवा केन्द्र सरकार से कोई मंजूरी प्राप्त नहीं करनी पड़ी।

12. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान शेयर प्रमाण-पत्र की कोई दूसरी प्रतिलिपि जारी नहीं की है।

13. कम्पनी ने:
   i) वित्त वर्ष के दौरान कोई प्रतिभूति आबंटित/हस्तांतरित नहीं की है।
   ii) घोषित लाभांश की राशि, इस उद्देश्य हेतु खोले गये एक अलग बैंक खाते में जमा करा दी है और यह लाभांश की राशि ऐसे लाभांश के घोषित होने के दिनांक से पाँच दिनों के अंदर जमा कराई है।
   iii) घोषणा के दिनांक से तीस दिनों की अवधि के अंदर सभी सदस्यों को लाभांश का भुगतान कर दिया है।
   iv) कम्पनी को अप्रदत्त लाभांश खाते में, वापस देने योग्य आवेदन राशि, देय जमा, देय डिबेंचर और उस पर प्राप्त ब्याज जिनका कि अभी तक दावा नहीं किया गया, या जिनका निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि को सात वर्ष की अवधि तक भुगतान नहीं किया गया हो, के आवेदनों के लिये कोई धन राशि अंतरित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि ऐसी कोई राशि कम्पनी के पास नहीं है।

v) अधिनियम की धारा 217 के अपेक्षित प्रावधानों का विधिवत् अनुपालन किया है ।

14. कम्पनी के निदेशक मण्डल का विधिवत् गठन किया गया है और आकस्मिक रिक्तियों को भरने हेतु निदेशकों, अपर निदेशकों, वैकल्पिक निदेशकों तथा निदेशकों की नियुक्तियां विधिवत की गई हैं।

15. वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक अथवा व्यवस्थापक की नियुक्ति नहीं की है।

16. वित्त वर्ष में कम्पनी ने कोई एकल-विक्रेता एजेन्ट नियुक्त नहीं किया है।

17. कम्पनी ने अतिरिक्त आँकड़ों के प्रकाशन के संबंध में अधिनियम के भाग II, अनुसूची VI के प्रावधानों में संशोधन करने हेतु कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 211(4) के अनुसरण में केन्द्र सरकार का अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।

18. अधिनियम तथा उनके तहत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसरण में निदेशकों ने अन्य फर्मों/कम्पनियों में अपनी अभिरुचि निदेशक मण्डल के सामने प्रकट की है।

19. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान कोई भी शेयर/डिबेन्चर/अन्य प्रतिभूतियाँ जारी नहीं की हैं।

20. वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने कोई भी शेयर वापस नहीं खरीदे हैं ।

21. वित्त वर्ष में किसी भी अधिमानी शेयर अथवा डिबेन्चर के प्रति क्षतिपूर्ति नहीं की गई।

22. ऐसे कोई लेन-देन नहीं हुए कि कम्पनी को लाभांश के अधिकार, शेयर के अधिकार को स्थगित रखने तथा बोनस शेयरों के शेयर हस्तांतरण के पंजीकरण लंबित रखने की कोई आवश्यकता पड़ी हो।

23. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 58ए के प्रावधानों के अधीन आने वाले किसी भी असुरक्षित ऋण सहित किसी भी प्रकार की जमा न तो आमंत्रित की है और न ही स्वीकार की है।

24. समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान, कम्पनी के द्वारा कोई राशि उधार नहीं ली गई है।

25. कम्पनी ने किन्हीं अन्य कॉर्पोरेट निकायों से किसी भी प्रकार का ऋण एवं निवेश अथवा अग्रिम नहीं लिया है और न ही कोई गारंटी या कोई प्रतिभूति दी है। परिणामस्वरूप इस उद्देश्य हेतु रखे रजिस्टर में कोई प्रविष्टि नहीं की गई है।

26. संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से दूसरे में अवस्थिति के संबंध में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर-बदल नहीं किया है।

27. संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के लक्ष्य के संदर्भ में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर बदल नहीं किया है।

28. संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के नाम के संदर्भ में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर बदल नहीं किया है।

29. संवीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी की शेयर पूँजी के संबंध में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर बदल नहीं किया है।

30. वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने अपनी संस्था के अंतर्नियम में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

31. वर्ष के दौरान कम्पनी को ₹ 41.85 लाख के सेवा कर एवं ₹ 1.64 करोड़ की शास्ति के भुगतान की मांग करते हुए कंपनी को कारण बताओ सूचना भेजी गयी है, जिसका कम्पनी ने प्रतिरोध किया है। कंपनी के विरूद्ध कोई अभियोग नहीं चलाया गया और वित्त वर्ष के दौरान कंपनी पर न तो कोई जुर्माना एवं शास्ति ही लगाया गया है और न ही कोई अन्य सजा सुनायी गई है।

32. वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने कर्मचारियों से कोई प्रतिभूति जमा प्राप्त नहीं की है।

33. कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधान इस कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

हस्ताक्षर

दिनांक: 17 जून, 2014 **वी.पद्मनाभन**

स्थान : बेंगलूर सी.पी.सं.6283

अनुबंध क

संवैधानिक पंजियाँ

1. धारा 150 के तहत सदस्यों की पंजी
2. धारा 193 के तहत मण्डल के बैठक की कार्यवृत पुस्तिका
3. धारा 193 के तहत महासभा की कार्यवृत्त पुस्तिका
4. धारा 303 के तहत निदेशकों की पंजी
5. धारा 372ए के तहत निवेश की पंजी
6. धारा 301 के तहत संविदाओं की पंजी

अन्य पंजियाँ

1. निदेशकों की उपस्थिति पंजी
2. स्थानांतरणों की पंजी

अनुबंध ख

31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी-रजिस्ट्रार, कर्नाटक के पास कम्पनी द्वारा दर्ज किये गये फॉर्म और रिटर्न

क्र. सं.	दर्ज दस्तावेज	धारा के तहत	घटना का उद्देश्य तथा दिनांक	दर्ज करने का दिनांक	पावती सं.	क्या समय पर दर्ज किए गए
1	फॉर्म 32	303	निदेशकों के बीच परिवर्तन	16.05.13	बी75066043	जी हाँ
2	फॉर्म 32	303	निदेशकों के बीच परिवर्तन	07.06.13	बी76639384	जी हाँ
3	फॉर्म 23एसी	220	31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखे	22.10.13	क्यू15447923	जी नहीं
4	फॉर्म 66	383ए	31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए अनुपालन प्रमाण-पत्र	03.10.13	क्यू12117289	जी हाँ
5	फॉर्म 20बी	159	31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक रिटर्न	06.11.13	क्यू22352181	जी हाँ

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में, मेसर्स एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यगण

वित्तीय विवरणी पर रिपोर्ट

हमने **मेसर्स एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड** "कंपनी" की 31 मार्च, 2014 के संलग्न वित्तीय विवरण जिनमें तुलनपत्र तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि लेखा एवं नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के सार तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है, की लेखा परीक्षा की है।

वित्तीय विवरण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की है, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 ("अधिनियम") की धारा 211 की उप-धारा (3सी) में वर्णित लेखा मानकों के अनुसार वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकद प्रवाह की सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं। इस जिम्मेदारी में वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति से संबद्ध डिजाइन, क्रियान्वयन तथा आंतरिक नियंत्रण का रख-रखाव शामिल है, जो कि एक सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं और ये धोखा अथवा त्रुटि के कारण होने वाले तथ्यात्मक गलत विवरण से मुक्त हैं।

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने भारतीय चार्टरित लेखाकार संस्था द्वारा जारी लेखा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा आयोजित की। उन मानकों के अनुसार हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम नैतिक आवश्यकताओं को पूरा करें और क्या वित्तीय विवरण तथ्यात्मक गलत विवरण से मुक्त हैं इसके लिए विवेकपूर्ण आश्वासन प्राप्त करने हेतु लेखा परीक्षा का आयोजन और निष्पादन करें।

किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटीकरण के बारे में लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। धोखा अथवा त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक रूप से गलत विवरणों के जोखिम के आकलन सहित चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर हैं। वैसे जोखिमों के आकलन करने में लेखा परीक्षक उन परिस्थितियों में उचित लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं का डिजाइन करने हेतु कंपनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी और अच्छी प्रस्तुति हेतु महत्वपूर्ण आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है न कि इकाई के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावोत्पादकता पर राय देने के उद्देश्य से। किसी लेखा परीक्षा में उपयोग में लाई गई लेखा नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और प्रबंधन द्वारा लेखा संबंधी आकलनों की विवेकशीलता तथा वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन शामिल है।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य लेखा परीक्षा विचार हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

1. आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है :

   क) अपनी संप्रभु क्षमता में केंद्रीय सरकार के नीतिगत निर्णय के अनुसार ठेके के रद्द किए जाने के पश्चात् अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य महासंघ, पेरिस (आई.सी.सी.) के समक्ष मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा किए गए दावे के संबंध में 1.60 बिलियन अमेरिकी डालर (₹ 7004.80 करोड़) की राशि के बारे में लेखा संबंधी नोट में आकस्मिक देयता का प्रकटीकरण नहीं करना।

   ख) नोट सं. 8 एवं 9 - ₹ 373.21 करोड़ के विवादास्पद के-वैट और सी एस टी के संबंध में है।

   ग) नोट सं. 10 - ₹ 1.06 करोड़ के विवादास्पद सेवाकर के संबंध में है।

   घ) नोट सं. 22 -ग्राहकों से शेष की पुष्टि की अनुपलब्धता के संबंध में है।

   ङ) नोट सं. 23 - वर्ष के अंत में अं.वि./इसरो के खातों में बचे हुए शेष के संबंध में है जिसकी अभी अं.वि. द्वारा पुष्टि की जानी है।

   च) नोट-पी-क्रम सं.4- भंडारण एवं अतिरिक्त पुर्जे के इस्तेमाल के विवरण, सी.आई.एफ. आधार पर आयात का मान, वित्त वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा में व्यय, कच्ची सामग्री के आयात का मान, अतिरिक्त पुर्जे एवं अवयव के इस्तेमाल, लाभांश के मद में विदेशी मुद्रा में भेजी गई राशि एवं विशिष्ट शीर्ष के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा में आमदनी जिनके खुलासे से मुक्त होने के लिए कम्पनी ने आवेदन किए, के गैर खुलासे के संबंध में जिनकी स्वीकृति भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामले संबंधी मंत्रालय से अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं।

2. **मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड के साथ तय किए गए ठेके के अनुसार नियत तारीख के अंदर पूर्ण प्रचालनीय उपग्रह को पट्टे पर देने की क्षमता में असफलता होने पर तुलन पत्र की तारीख में विलंबित सुपुर्दगी जुर्माना के रूप में 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (₹ 21.89 करोड़) की निर्धारित क्षति के लिए उत्तरदायी**

होने के बारे में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। प्रबंधन की राय में वर्तमान में कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मध्यस्थता कार्यवाही से संबंधित मामला न्यायाधीन है तथा इसे आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट किया गया है।

विचार

हमारे विचार में, हमें प्राप्त सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर तथा हमारे इन विषयों के आधार पर:

I. अनुबंध में किए गए प्रेक्षण का संदर्भ नीचे अनुच्छेद - 1 में दिया गया है;

II. उपर्युक्त अनुच्छेद 2 में वर्णन के अनुसार परिनिर्धारित क्षति के बाबत ₹21.89 करोड़ की सीमा तक लाभ एवं रिजर्व को वास्तविकता से ज्यादा और देयताओं को वास्तविकता से कम बताया गया है;

III. उपर्युक्त अनुच्छेद 1 की टिप्पणियों, लाभ, रिजर्व, परिसंपत्तियों और देयताओं पर उनके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

वित्तीय विवरण अधिनियम के अनुसार अपेक्षित तरीके से सूचना प्रदान करते हैं और भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार सही तथा सच्ची स्थिति दर्शाते हैं:

(क) 31 मार्च, 2014 को कंपनी की स्थिति के बारे में तुलन पत्र के मामले में

(ख) लाभ और हानि लेखा के मामले में वर्ष की समाप्ति पर उसी तिथि को लाभ

(ग) नकद प्रवाह विवरण के मामले में वर्ष की समाप्ति पर उसी तिथि को नकद प्रवाह

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. अधिनियम की धारा 227 की उप-धारा (4ए) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी तथा कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 द्वारा यथापेक्षित हम अपने आदेश के अनुच्छेद 4 एवं 5 में निर्दिष्ट बातों पर अनुबंध में एक विवरण प्रस्तुत करते हैं।

2. अधिनियम की धारा 227 (3) द्वारा अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(क) हमने सभी सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जो कि हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा की दृष्टि से अनिवार्य थे,

(ख) हमारा मानना है कि कंपनी द्वारा नियम की अपेक्षा के अनुसार लेखा पुस्तिकाएँ सही प्रकार से रखी गई हैं जैसा कि पुस्तिकाओं की जाँच से पता चलता है,

(ग) तुलन पत्र, लाभ और हानि के विवरण के बारे में यह रिपोर्ट लेखा पुस्तिका से मेल खाती है,

(घ) हमारे विचार में, तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा एवं नकद प्रवाह विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 की उप-धारा (3सी) में वर्णित लेखा मानकों के अनुसार हैं,

(ङ) 31 मार्च, 2014 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों के आधार पर और निदेशक मंडल द्वारा दर्ज रिकार्ड के आधार पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उप-धारा (1) खंड (छ) के अनुसार निदेशकों में से किसी को भी निदेशक के पद पर नियुक्त किए जाने हेतु 31 मार्च, 2014 को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है।

कृते ज्ञानोबा व भट्ट
चार्टरित लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 000939एस

स्थान: बेंगलूर
तिथि: 23.06.2014

हस्ताक्षर
(के. आर. ज्ञानोबा)
(भागीदार)
सदस्यता सं. 23137

हमारी सम दिनांक की रिपोर्ट के अनुच्छेद 1 में वर्णित लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से संबंधित अनुबंध

i) स्थायी परिसंपत्तियों के मामले में

क) कंपनी ने स्थायी परिसंपत्तियों के परिमाणात्मक विवरण और स्थिति सहित संपूर्ण विवरण को दर्शाने हेतु समुचित रूप में रिकार्ड रखा है।

ख) हमें दी गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा गठित समिति द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों की भौतिक जांच की गई है। हमारे विचार में जांच की आवृति संगत है। हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार जांच के दौरान कोई तात्विक विसंगतियां नहीं पाई गई।

ग) वर्ष के दौरान कंपनी ने अपनी स्थायी परिसंपति के किसी बड़े भाग को नहीं हटाया और इसलिए यह खंड लागू नहीं होता।

ii) कंपनी के पास कोई विस्तृत सूची नहीं है। अत: सूची के रिकार्ड की आवृत्ति, प्रक्रिया एवं अनुरक्षण से संबंधित खंड (ii) (क), (ख) एवं (ग) लागू नहीं होते हैं।

iii) कम्पनी ने, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में सूचीबद्ध कम्पनियों, फर्मों तथा अन्य पार्टियों से न ही सुरक्षित/असुरक्षित ऋण लिया है और न ही दिया है। अत: इस खण्ड के अधीन आने वाले मामलों पर टिप्पणी करने का प्रश्न नहीं उठता।

iv) हमारे विचार में और हमें दी गई सूचना तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, स्थाई परिसम्पत्तियों के क्रय तथा माल की बिक्री और सेवाओं के संबंध में कम्पनी के स्वरूप तथा उसके व्यापार की प्रकृति के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण कार्यप्रणाली विद्यमान है। हमारे विचार में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

v) हमें दी गई सूचना के अनुसार, ऐसा कोई लेन-देन नहीं हुआ है जिसकी प्रविष्टि धारा 301 के अंतर्गत रखी गई पंजी में की जानी अपेक्षित थी। इसलिए खंड (v) (ख) के प्रावधान इस कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

vi) अभिलेखों के आधार पर तथा हमें दी गई सूचना के अनुसार कंपनी ने जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं की है।

vii) हमारे विचार में, कम्पनी के पास कम्पनी के आकार तथा उसके व्यापार की प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रणाली विद्यमान है।

viii) केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 (1) (डी) के तहत लागत का रिकार्ड रखना निर्धारित नहीं किया है।

ix) क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने जहाँ कहीं भी लागू हो उक्त अवधि के दौरान निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, उप कर और अन्य सांविधिक बकाया सहित गैर-विवादित सांविधिक बकायों को सामान्यत: नियमित रूप में जमा कराया है और लेखा-परीक्षाधीन वाले वर्ष के दौरान भविष्य निधि अधिनियम तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

ख) हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, आयकर, सेवा कर, उपकर की ऐसी कोई देयता नहीं है, जिसे किसी भी विवाद के कारण जमा नहीं कराया गया हो। परन्तु, 01.04.2005 से 31.03.2010 की अवधि के लिए के-वी.ए.टी एवं सी.एस.टी. के संबंध में जो ₹ 373.21 करोड़ की कर्नाटक वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा माँग की गई थी, वह विवाद के अधीन है तथा मामला माननीय उच्चतम न्यायालय के अधीन लम्बित है। शास्ति सहित ₹ 1.06 करोड़ रुपये के सेवा कर के लिए बड़े कर भुगतान करने वाले यूनिट द्वारा उठाई गई माँग के संबंध में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय प्राधिकरण (सी.ई.एस.टी.ए.टी.), बेंगलूर के समक्ष अपील की गई है, जिसे लेखा नोट सं. 10 के भाग निरूपित करते अन्य नोट में विस्तृत रूप से दिया गया है।

x) 31.03.2014 के अनुसार, कम्पनी में कोई संचयित हानि नहीं हुई और कम्पनी को हमारे लेखा-परीक्षाधीन वित्त वर्ष व पिछले वित्त वर्ष के दौरान कोई नकद हानि नहीं हुई है।

xi) हमारी लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं और प्रबंधन द्वारा दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के आधार पर कंपनी पर किसी भी वित्तीय संस्था अथवा बैंक का कोई बकाया नहीं है।

xii) हमें प्रदान की गई सूचना तथा हमारी जांच के अनुसार कंपनी ने शेयर, डिबेंचर तथा अन्य प्रतिभूतियों को गिरवी रख कर प्रतिभूति के आधार पर कोई ऋण तथा अग्रिम मंजूर नहीं किया है और इसलिए आदेश का खंड (xii) इस कंपनी पर लागू नहीं होता है।

xiii) हमारे विचार से कम्पनी चिट फंड या एक निधि या एक पारस्परिक लाभ निधि/सोसायटी नहीं है। अत: कम्पनी पर आदेश के खंड (xiii) का प्रावधान लागू नहीं होता।

xiv) हमारे विचार में कम्पनी किसी भी तरह के शेयर, प्रतिभूति, डिबेंचर तथा अन्य निवेश के सौदे या व्यापार नहीं कर रही है। तदनुसार, खण्ड (xiv) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

xv) प्रबंधन द्वारा हमें दी गयी सूचना तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी ने अन्य लोगों द्वारा बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण पर कोई गारंटी नहीं दी है।

xvi) हमें दी गयी सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी ने कोई आवधिक ऋण नहीं लिया है।

xvii) हमारे द्वारा नकद प्रवाह विवरण और रिकार्डों की, की गई जांच तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार समग्र रूप में इस अवधि के दौरान प्रथम दृष्टया अल्पावधि के लिए प्राप्त निधियों का दीर्घावधि निवेश हेतु उपयोग नहीं किया गया है।

xviii) कंपनी ने अधिनियम की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए पंजी में पार्टियों एवं कंपनियों को अधिमानत: किसी शेयरों का आबंटन नहीं किया है और तदनुसार आदेश के खंड (xviii) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

xix) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई डिबेंचर जारी नही किए हैं और इसीलिए आदेश का खंड (xix) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

xx) कंपनी ने रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से किसी धन का अर्जन नहीं किया है और इसीलिए आदेश का खंड (xx) लागू नहीं होता है।

xxi) हमारी जानकारी और विश्वास के आधार पर तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कोई बेईमानी नहीं देखी अथवा पायी गयी है।

कृते ज्ञानोबा व भट्ट
चार्टरित लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 000939एस

हस्ताक्षर
(के. आर. ज्ञानोबा)
(भागीदार)
सदस्यता सं. 23137

स्थान: बेंगलूर
तिथि: 23-06-2014

दिनांक 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लि., बेंगलूर के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी

31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड, बेंगलूर के वित्तीय विवरण, कम्पनी अधिनियम, 1956 में विनिर्दिष्ट वित्तीय रिपोर्टिंग कार्य-ढाँचे के अनुसार तैयार करना कम्पनी के प्रबन्धन की जिम्मेदारी है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त संवैधानिक लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारी अपने व्यावसायिक निकाय, भारतीय चार्टरित लेखाकार संस्थान द्वारा विनिर्दिष्ट लेखा-परीक्षा मानक के अनुसार स्वतंत्र रूप से लेखा-परीक्षा करते हुए कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के तहत इन वित्तीय विवरणों पर अपना विचार व्यक्त करना है। उनके दिनांक 23 जून, 2014 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में ऐसा करने के बारे में उल्लेख है।

मैंने, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (3) (ख) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक की तरफ से 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बेंगलूर के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखा-परीक्षा की है। यह पूरक लेखा परीक्षा संवैधानिक लेखापरीक्षकों के कार्य संबंधी कागज़ात प्राप्त किये बिना स्वतंत्र रूप से की गयी है और प्राथमिक रूप से यह संवैधानिक लेखापरीक्षकों और कम्पनी के कार्मिकों से पूछताछ और चयनित कुछ लेखाविधि रिकार्डों तक ही सीमित है।

हमारी पूरक लेखा परीक्षा के आधार पर, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के तहत मैं निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें उजागर करना चाहूंगा जो मेरे ध्यान में आई हैं और जो मेरी समझ में वित्तीय विवरण तथा इससे संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट की बेहतर जानकारी प्राप्त करने हेतु आवश्यक हैं।

(अ) तुलन पत्र

(क) रिजर्व एवं अधिशेष (नोट सं. ख)

(ख) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व ₹ 325 लाख

लेखे के भाग के रूप में अन्य टिप्पणियाँ (नोट पी-अनुच्छेद 21)

वर्ष 2013-14 के लिए लेखे में कम्पनी द्वारा ₹ 325 लाख का उपर्युक्त आबंटन किया गया है जो विगत 3 वर्षों में देय कर के बाद औसत आय का 2% था; जबकि वर्ष 2013-14 के लिए डी.पी.ई. दिशानिर्देशों में यह कहा गया है रिजर्व विगत वर्ष में देय कर के बाद लाभ का 2 या 3 % होगा। अतएव, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व के लिए किए गए प्रावधान न्यूनविवरित रहे और वर्ष के लिए लाभ ₹ 0.29 करोड़ अतिविवरित रहे।

वर्ष 2012-13 के लिए जारी वार्षिक रिपोर्ट में कम्पनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व हेतु ₹ 9.96 करोड़ का आबंटन सुनिश्चित किया था जिसे मूर्त रूप नहीं दिया गया। इस बाबत कम्पनी से टिप्पणी अपेक्षित है। हालाँकि कम्पनी ने डी.पी.ई. दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए ₹ 9.96 करोड़ की राशि का कोई प्रावधान नहीं किया है जिसके कारण कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व को न्यून विवरित तथा रिजर्व एवं अधिशेष को ₹ 9.96 करोड़ की राशि द्वारा अतिविवरित दर्शाया गया है। इस प्रकार, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन क्रियाकलाप रिजर्व का न्यून विवरण कुल ₹ 10.25 करोड़ (₹ 9.96 करोड़ + ₹ 0.29 करोड़) हो गया।

(ख) लाभ एवं हानि लेखा

अन्य आय (नोट सं. 2)

पूर्वावधि मद- ₹ 1820.02 लाख

लेखा विधि संबंधी मानक-5 के अनुच्छेद-15 के अनुसार, पूर्वावधि मद की राशि एवं प्रकृति को लाभ-हानि लेखा में अलग से इस प्रकार वर्णित किया जाना चाहिए ताकि वर्तमान लाभ या हानि पर उसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो सके। कम्पनी ने ₹ 18.20 करोड़ की राशि पूर्वावधि मदों में 'अन्य आय' के शीर्ष के अन्तर्गत दिखलाये हैं जो लेखा विधि संबंधी मानक-5 की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं।

हस्ता/-

(अत्रेयी दास)

प्रधान निदेशक, वाणिज्य लेखा परीक्षा

एवं पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड-IV

स्थान: नई दिल्ली

तिथि: 13.08.2014

विस्तृत वित्तीय विवरण

31.03.2014 के अनुसार तुलन पत्र

(₹ लाखो में)

	विवरण	नोट सं	31.03.2014 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए	31.03.2013 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए
I.	**इक्विटी एवं देयताएँ**			
	I. **शेयरधारियों की निधि**:			
	(क) शेयर पूँजी	क	100.00	100.00
	(ख) रिज़र्व तथा अधिशेष	ख	1,08,909.97	93,601.59
	(2) **दीर्घकालीन देयता**:			
	(क) अन्य दीर्घकालावधि देयताएँ	ग	89,848.64	1,11,006.83
	(ख) दीर्घकालावधि प्रावधान	घ	19.95	27.82
	(3) **चालू देयताएं**:			
	(क) व्यापार देय		29,453.79	24,743.01
	(ख) अन्य चालू देयताएँ	ड	57,116.53	47,313.72
	(ग) अल्पावधि प्रावधान	च	4,693.28	4,145.69
	कुल		**2,90,142.16**	**2,80,938.66**
II.	**परिसम्पत्ति**			
	(1) **दीर्घकालीन परिसंपत्तियाँ**:			
	(क) स्थायी परिसंपत्ति			
	(i) मूर्त परिसंपत्ति	छ	1,499.14	1,541.16
	(ii) अमूर्त परिसंपत्ति	ज	10.05	12.88
	(iii) पूँजीगत चालू कार्य		–	–
	(ख) आस्थगित कर परिसंपत्ति (निवल)		1,272.81	1,059.06
	(ग) दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम	झ	51,471.71	44,368.73
	(2) **चालू परिसंपत्तियाँ**			
	(क) चालू निवेश	ञ	14,815.97	19,387.22
	(ख) व्यापार प्राप्तियाँ	ट	61,735.15	57,853.09
	(ग) नकद एवं नकद समतुल्य	ठ	1,13,857.41	1,02,789.42
	(घ) अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	ड	37,591.00	46,665.99
	(ङ) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	ढ	7,888.92	7,261.11
	कुल		**2,90,142.16**	**2,80,938.66**
	लेखा विधि संबंधी नीतियाँ	ण		
	लेखाओं पर अन्य टिप्पणियाँ	त		
	नोट क से त तक इस तुलन पत्र के अनिवार्य भाग हैं।			

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते ज्ञानोबा व भट
चार्टरित लेखाकार
फर्म रजिस्ट्रेशन सं.000939एस

बोर्ड के लिए और बोर्ड की ओर से

हस्ता/-
(के.आर.ज्ञानोबा)
भागीदार
सदस्यता सं. 23137
स्थान: बेंगलूर
दिनांक: 23.06.2014

हस्ता/-
(एस.परमेश्वरन)
कार्यकारी निदेशक

हस्ता/-
(वी.एस.हेगडे)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 23.06.2014

31.03. 2014 को समाप्त वर्ष का लाभ तथा हानि लेखा

(₹लाखों में)

	विवरण	नोट सं	31.03.2014 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए	31.03.2013 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए
I	प्रचालनों से राजस्व	1	1,47,734.65	1,16,873.69
II	अन्य आय	2	13,137.57	12,654.52
III	कुल आय (I+II)		**1,60,872.22**	**1,29,528.21**
IV	व्यय:			
	(i) प्रचालनों से राजस्व की लागत	3	1,28,937.25	1,02,962.88
	(ii) कर्मचारी लाभ व्यय	4	290.83	311.60
	(iii) मूल्यह्रास व संक्रामण व्यय			
	- चालू वर्ष		132.01	117.84
	- विगत वर्ष		2.22	-
	(iv) अन्य व्यय	5	1,876.28	741.26
	कुल व्यय		**1,31,238.59**	**1,04,133.58**
V	कर एवं असामान्य मद से पहले लाभ (III-IV)		29,633.63	25,394.63
VI	असामान्य मद		3.62	-
VII	कर से पहले लाभ (V+VI)		29,637.25	25,394.63
VIII	कर व्यय:	6		
	(i) चालू कर		(9,801.12)	(7,725.05)
	(ii) आस्थगित कर		213.75	37.41
IX	जारी प्रचालनों की अवधि के लिए लाभ (VII-VIII)		**20,049.88**	**17,706.99**
X	प्रत्येक इक्विटी शेयर की आय:			
	प्रत्येक इक्विटी शेयर की गणना करने हेतु अंश (न्यूमरेटर) के रूप में उपयोग की गई राशि:		20,049.89	17,706.99
	प्रत्येक इक्विटी शेयर की गणना करने हेतु हर (डिनोमिनेटर) के रूप में उपयोग की गई राशि:		1,00,000	1,00,000
	इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य		100.00	100.00
	प्रति इक्विटी शेयर से प्राप्त मूल तथा मिश्रित आय:		0.20	0.18
	लेखा विधि संबंधी नीतियाँ	ण		
	लेखाओं पर अन्य टिप्पणियाँ	त		
	नोट 1 से 6, ण व त इस लाभ तथा हानि लेखा के अनिवार्य भाग हैं।			

हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते ज्ञानोबा व भट
चार्टरित लेखाकार
फर्म रजिस्ट्रेशन सं.000939एस

बोर्ड के लिए और बोर्ड की ओर से

हस्ता/-
(के.आर.ज्ञानोबा)
भागीदार
सदस्यता सं. 23137
स्थान: बेंगलूर
दिनांक: 23.06.2014

हस्ता/-
(एस.परमेश्वरन)
कार्यकारी निदेशक

हस्ता/-
(वी.एस.हेगडे)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 23.06.2014

31.03.2014 के अनुसार तुलन पत्र के भाग के नोट की रचना

(₹ लाखों में)

नोट सं	विवरण	यूनिट	31.03.2014 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए	31.03.2013 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए
क	**शेयर पूँजी**			
	इक्विटी शेयर			
	(क) प्राधिकृत:			
	(i) शेयरों की संख्या	सं	5,00,000	5,00,000
	(ii) शेयरों की राशि	लाखों में	500.00	500.00
	(ख) जारी, अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त नकद:			
	(i) शेयरों की संख्या	सं	1,00,000	1,00,000
	(ii) शेयरों की राशि	लाखों में	100.00	100.00
	(ग) प्रत्येक शेयर का सममूल्य (रुपयों में)		—	—
	(घ) (i) रिपोर्टिंग अवधि की शुरूआत में बकाया शेयरों की संख्या		1,00,000	1,00,000
	(ii) रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया शेयरों की संख्या		1,00,000	1,00,000
